नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 84/2021
Dt- 17-02-2021

कुलपति,
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,
दरभंगा।

विषयः– **ललित नारायण जनता महाविद्यालय झंझारपुर (मधुबनी) में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ करने के संबंध में।**

महाशय,

1959 में स्थापित ललित नारायण जनता कॉलेज झंझारपुर, मधुबनी, झंझारपुर अनुमंडल में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के अधीन एकमात्र अंगीभूत इंटर एवं स्नातक स्तर का महाविद्यालय है, जहां हजारों छात्र/छात्राएँ अध्ययन कर रहे है। झंझारपुर मधुबनी जिला का पुराना अनुमंडल के साथ एक बड़ा शहर, जिसमें स्कूल, अस्पताल, न्यायालय, रेलवे जं0, नवसृजित मेडिकल कॉलेज, राज्य एवं भारत सरकार के कई कार्यालय सहित अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठान है।

मधुबनी जिला में मात्र रामकृष्ण महाविद्यालय, मधुबनी, में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की व्यवस्था है जिसमें सीमित स्थान होने की कारण अधिकांश छात्र/छात्राएँ नामांकन से वंचित रह जाते हैं। झंझारपुर एवं फुलपरास के स्थानीय छात्राओं को स्नातकोत्तर पढ़ाई की इच्छा होने के बावजूद मधुबनी की अधिक दूरी होने से आने–जाने एवं वहां रहने की परेशानी के कारण अध्ययन कार्य से वंचित हो रही है। स्थानीय ललित नारायण जनता महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ होने पर न केवल झंझारपुर अनुमंडल एवं फुलपरास अनुमंडल बल्कि पड़ोस के दरभंगा व सुपौल जिला एवं पड़ोसी देश नेपाल के छात्र/छात्राओं को विशेष लाभ होगा।

अतः अनुरोध है कि ललित नारायण जनता महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
17.2.21
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in